मरू वन प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर के वनपाल प्रशिक्षणार्थियों का आफरी भ्रमण दिनांक 29.6.2016

मरू वन प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर के 72 वनपाल प्रशिक्षणार्थियों के दल ने क्षेत्रीय वन अधिकारी श्री नरपत सिंह राजपुरोहित एवं श्री पूनाराम के साथ दिनांक 29.6.2016 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का अध्ययन भ्रमण किया।

कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. ने वनपाल प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान में स्थित कुमट (*Acacia senegal*), हिंगोट (*Belanites aegyptica*), चंदन (*Santalum album*) सहित विभिन्न प्रजातियों से रूबरू कराया। भ्रमणकारी दल ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं आणविक जैव विज्ञान प्रयोगशाला (Molecular Biology lab), बीज प्रयोगशाला, बीजों को परिशोधित करने इत्यादि से संबंधित बीज उपकरण कक्ष, अकाष्ठ वनोपज से संबंधित रसायन प्रयोगशाला, जी.आई.एस प्रयोगशाला (Global Information System Lab), आई.सी.पी.एम.एस प्रयोगशाला (Inductively Coupled Plasma Mass Spectrometery Lab) इत्यादि का भ्रमण करवाया, जहाँ शोधकर्ताओं ने भ्रमणकारी दल को विभिन्न उपकरणों, शोध प्रक्रियाओं, शोध गतिविधियों इत्यादि की जानकारी उपलब्ध करवायी ।

श्री चौधरी ने इसके पश्चात् वनपाल प्रशिक्षणार्थियों को कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग में प्रदर्शित विभिन्न पोस्टरों के माध्यम से उन्नत वृक्षारोपण तकनीक से लवण प्रभावित शुष्क भूमि के पुनर्वासन (Rehabilitation of Arid salt Affected Soil with Improved Planting Techniques), मरूस्थलीकरण के कारण एवं प्रभाव (Desertification-Causes & Effects), टिब्बा स्थिरीकरण एवं मरू प्रसार रोक के लिए उपाय (Sand Dune

Stabilization & Combating Desertification- Some Interventions), सतही वनस्पति से टिब्बा स्थिरीकरण (Sand Dune Stabilization Using Surface Vegetation), अर्धशुष्क क्षेत्र के तैलीय बीज संसाधन (Oil Seed Resources of Semi-Arid Region) आदि विषयों से संबंधित जानकारी वनपाल प्रशिक्षणार्थियों को उपलब्ध कराई।

इसके पश्चात् भ्रमणकारी दल ने संस्थान परिसर में स्थित ऊतक संवर्धन (Tissue culture) तकनीक से विकसित गुग्गल वृक्षारोपण का अवलोकन किया । श्री चौधरी ने वनपाल प्रशिक्षणार्थियों को कृत्रिम वृक्षारोपण तथा प्राकृतिक वन, पुररूत्पादन, पुनरूत्पादन का स्थापित होना(establishment), वृक्ष वृद्धि के विभिन्न चरणों, नवोद्भिद पौध (Seedling), तरुण पादप (sapling), लीफ लिटर (Leaf litter), ह्यूमस (Humus) इत्यादि की जानकारी भी उपलब्ध करवायी ।

भ्रमण कार्यक्रम में श्रीमती मीता सिंह तोमर, तकनीकी सहायक एवं श्री तेजाराम का सहयोग रहा ।

TC-5
TC-1